भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1661

15 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए

एससीएम के तहत पशु कल्याण और जनसंख्या प्रबंधन का एकीकरण

1661 श्रीमती सुधा मूर्तीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या किसी स्मार्ट सिटी ने अपने अवसंरचना विकास परियोजनाओं में पूरी तरह से सुसज्जित पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) केंद्रों सहित व्यापक शहरी पशु-जनसंख्या निगरानी और प्रबंधन योजनाओं को शामिल किया है;
(ख) क्या स्मार्ट सिटी को पशु-कल्याण अवसंरचना और व्यवस्थित पशु-जनसंख्या प्रबंधन को शामिल करने के संबंध में कोई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं; और
(ग) ऐसे शहरी पशु-कल्याण और जनसंख्या-प्रबंधन पहलों के लिए, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत वर्तमान में कितना बजट, यदि कोई हो, आवंटित किया गया है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क)से (ग) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) ने 100 शहरों में रेट्रोफिटिंग, पुनर्विकास और ग्रीनफील्ड विकास के माध्यम से क्षेत्र आधारित विकास दृष्टिकोण को अपनाया। एससीएम के तहत पशु कल्याण और पशु-संख्या प्रबंधन के लिए स्पष्ट रूप कोई भी परियोजना नहीं है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विभिन्न शहरों का विकास विभिन्न क्षेत्रों, जैसे स्मार्ट मोबिलिटी, जल, स्वच्छता, साफ-सफाई (डब्ल्यूएएसएच), स्मार्ट गवर्नेंस, स्मार्ट ऊर्जा, पर्यावरण आदि में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त स्मार्ट सिटी प्रस्तावों (एससीपी) के आधार पर किया गया है, जिन्हें मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा विधिवत अनुमोदित किया गया है।

*****